>

Title: The Minister of Parliamentary Affairs made a statement regarding Government Business for the week commencing the 16th August, 2010 and submission made by members.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): With your permission, Madam, I beg to announce that the Government Business during the week commending Monday, the 16th August, 2010 will consist of: -

.1 Consideration of any item of Government Business carried over from today's Order Paper.

2. Consideration and passing of the following Bills:-

(a) The Essential Commodities (Amendment) Bill, 2010.

(b)The Jharkhand Panchayati Raj (Amendment) Bill, 2010.

(c) The Orissa (Alteration of Name) Bill, 2010

(d)The Constitution (One Hundred Thirteenth Amendment) Bill, 2010.

3. Discussion and Voting on the Supplementary Demands for Grants (Railways) for 2010-11.

4. Introduction, consideration and passing of the Appropriation (Railways) No. 4 Bill, 2010.

5. Consideration and passing of the following Bills, after they are passed by the Rajya Sabha: -

(a) The Mines and Minerals (Development and Regulation) Amendment Bill, 2008.

(b)The Nalanda University Bill, 2010.

MADAM SPEAKER: Shri Jai Prakash Agarwal.

श्री जय प्रकाश अग्रवाल (उत्तर पूर्व दिल्ली): अध्यक्ष महोदया, आगामी सप्ताह की कार्य-सूची में निम्नांकित विषयों को सम्मिलित किया जाए -

1. राजधानी दिल्ली में यमुना नदी पर बढ़ते हुए भारी यातायात को दृष्टिगत रखते हुए नागरिकों की सुविधा के लिए उत्तर-पूर्वी संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत यमुना नदी पर अविलम्ब पुल का निर्माण करवाए जाने की आवश्यकता के बारे में।

2. राजधानी दिल्ली में विशेषतः उत्तर-पूर्वी संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत नियमित की गई कालोनियों में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं अविलम्ब उपलब्ध करवाए जाने के बारे में।

डॉ. भोला सिंह (नवादा): माननीय अध्यक्ष महोदया की अनुमति से संसदीय कार्य मंत्री के आगामी सप्ताह के लिए सदन में प्रस्तुत प्रस्ताव में निम्नलिखित विषय जोड़ने की अपनी इच्छा की सूचना देता हूं -

1. नवादा जिले के प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क सम्पर्क योजना की लगभग आधे दर्जन सड़कें अभी तक कार्यान्वयन के लिए पड़ी हुई हैं।

2. नवादा बारसलीगंज से दिल्ली अथवा हावड़ा जाने के लिए कोई एक्सप्रेस ट्रेन नहीं है। एक महाबोद्धि एक्सप्रेस ट्रेन या श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन बारसलीगंज, नवादा स्टेशन से चलाई जाए।

SHRI P.T. THOMAS (IDUKKI): The following items may be included in next week's agenda:-

1. Alarming situation of river pollution in the country with a special mention to the Periyar river in Kerala; and
2. The new challenges to the secularist face of nation from the terrorist outfits.

श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर): महोदया, आपसे अनुरोध है कि आगामी सप्ताह की कार्यवाही में कृपया निम्न विषयों को विचार के लिए जोड़ा जाए -

1. देश के सार्वजनिक उद्योगों में उत्पादन बढ़ने के बावजूद कामगारों की हो रही छंटनी, देश के बेरोजगारों की करोड़ों की संख्या को देखते हुए रोजगार सृजन हेतु नई नीति बनाए जाने की आवश्यकता।

2. देश के पर्यावरणीय प्रदूषित क्षेत्र में प्रदूषणकारी उद्योगों को स्वीकृति देने पर रोक लगाने और ऐसे स्थान पर प्रदूषणकारी उद्योगों को दी गई स्वीकृति रद्द करने की कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता।

श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): अध्यक्ष महोदया, ललितपुर सिंगरोली रेलवे लाईन जो कि म.प्र. के बुंदेलखंड में जीवन रेखा का कार्य करेगी। इसे प्राथमिकता से प्रारम्भ करने की शीघ्र कार्यवाही की जाए।

टीकमगढ़ (म.प्र) आज भी केन्द्रीय विद्यालय की सुविधा से वंचित है। अत: यहां के छात्रों को इसका लाभ दिलाने हेतु टीकमगढ़ में अति शीघ्र केन्द्रीय विद्यालय प्रारम्भ किया जाए।

SHRI ARJUN CHARAN SETHI (BHADRAK): The following item may be included in the next week's agenda:-

To discuss the reports of the National Commission for Scheduled Castes and Tribes.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर) : महोदया, मोटर वाहन अधिनियम के तहत अतिरिक्त राहत दिलाने एवं राहत को दुर्घटना के तुरन्त पश्चात् फैसले से पूर्व पीड़ित पक्ष को पहुंचाने एवं फैसले के बाद उस राशि को फैसले की राशि में समायोजन करने के विषय को लोक सभा की आगामी सप्ताह की कार्य सूची में सम्मिलित किया जाए।

श्री ए.टी. नाना पाटील (जलगांव): अध्यक्ष महोदया, जलगांव तथा खान्देश परिसर के केला उत्पादकों को निर्यात करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा अनुदान तथा अन्य सुविधा उपलब्ध कराने की आवश्यकता।

देश में भूजल स्तर में आई कमी का संज्ञान लेकर भूजल पुनर्भरण हेतु आवश्यक कार्यक्रम प्राथमिकता से चलाने की आवश्यकता।

SHRI ADHIR CHOWDHURY (BAHARAMPUR): The following items may be included in next week's agenda:-

1. To discuss the jute-based industry in view of the growing global demand for organic fibre; and
2. The prevailing drought-like situation in various parts of the country including the State of West Bengal.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): अध्यक्ष महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र के झपहा से मीनापुर भाया बेलसंड परसौनी, रीगा एवं मेजरगंज होते हुए नेपाल सीमा तक पी.डब्ल्यू.डी. मार्ग जो 100 कि.मी. से अधिक है, को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का कार्य।

बिहार के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ के दौरान ग्रामीण लोगों को विशेषकर महिलाओं को ग्रामीण शौचालय की व्यवस्था करने का कार्य।

_